राजस्थान पत्रिका . उदयपुर, शनिवार, 30 नवंबर, 2019

बच्चों को बांटे कपड़े व स्टेशनरी

उदयपुर. ऐश्वर्या रोटरेक्ट चार्टर डे के अवसर पर शुक्रवार को विद्यार्थियों ने रूपनगर कच्ची बस्ती स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, नारायण सेवा संस्थान मे जाकर जरूरतमंद बच्चों को खाद्य सामग्री, स्टेशनरी और नए कपड़े भेंट किए। बीएड और पीजी कॉलेज के विकास मेघवाल, रितिका परिहार, हेमलता, रागिनी, शीतल, भरत आमेटा, रघुनाथ, सज्जाद और सम्पतलाल ने सामग्री का वितरण किया। सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। डॉ. राशि माथुर, डॉ. रीना शर्मा, डॉ. रक्षा शर्मा ने रोटरेक्ट चार्टर डे के बारे मे बताया। इधर, राउप्रावि डूलावतों का गुडा बड़गांव में नवल सिंह चुण्डावत, रमेश पटेल के सहयोग से फ्रांसीसी ग्रुप के 35 सदस्यों ने 186 छात्र छात्राओं को स्कूल ड्रेस व पाठ्य सामग्री वितरित की। जानकारी प्रधानाध्यापक जगदीश चन्द्र श्रीमाली ने दी।

दैनिक नवज्योति

उदयपुर, रविवार, 1 दिसंबर 2019 6

500 विद्यार्थियों ने लिखे एड्स जागरूकता पर स्लोगन

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर

ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के बीएड और पीजी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शनिवार को पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता हुई। 500 विद्यार्थियों ने पोस्टर्स पर एड्स जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखे। यूनिवर्सिटी रोड, न्यू आरटीओ आदि स्थानों पर जाकर विद्यार्थियों शहरवासियों को एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

संस्थान की सीएमडी.. डॉ. सीमा सिंह ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

डॉ. राशि माथुर ने बताया कि स्लोगन लेखन मे बीएड के विद्यार्थियों में निराली रामावत पहले, चेतेंद्र राठौड़ और पायल मीणा दूसरे और मुकेश पाटीदार तीसरे स्थान पर रहे।

पत्रिका

उदयपुर, 01.12.2019

विद्यार्थियों ने लिखे एड्स जागरूकता स्लोगन

उदयपुर ◆ शहरवासियों को एड्स रोग के प्रति सावचेत तथा जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के बीएड और पीजी कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पोस्टर-स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस दौरान 500 से अधिक विद्यार्थियों ने पोस्टर्स पर एड्स

जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखकर यूनिवर्सिटी रोड, न्यू आरटीओ सहित अन्य स्थानों पर आमजन को इस रोग के प्रति सावचेत किया। बाद में संस्थान की सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ. राशि माथुर ने बताया कि स्लोगन लेखन मे बीएड विद्यार्थियों में निराली रामावत, चेतेंद्र राठौड़, पायल मीणा और मुकेश पाटीदार विजेता रहे। अन्य विजेताओं में माधवी सिसोदिया, माया खटीक, दिव्या श्रीमाली थे। पीजी कॉलेज स्लोगन लेखन में भावना कुमारी झाला, प्रद्युम्न चटिया, विराट सोमपुरा और विशाखा दवे विजयी रहे।